# अरुणाचल प्रदेश माध्यमिक बोर्ड परीक्षा-2024-25

## कक्षा - नौ

## विषय - हिन्दी (कोर्स बी)

समयः 3 घंटे | पूर्णांक - 80

---

**सामान्य निर्देशः**

1) इस प्रश्न-पत्र में कुल दो खण्ड हैं - खण्ड 'अ' और 'ब'।

2) प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

### खण्ड 'अ' (वस्तुपरक-प्रश्न)

**प्रश्न. 1.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए। 1x5=5

वन पृथ्वी को ईश्वर का वरदान है। इसका मानव जीवन में अत्यधिक महत्त्व है। मानव जीवन के लिए आवश्यक भोजन, वस्त्र, और आवास की पूर्ति अधिकांशतः वन और वृक्षों के माध्यम से ही होती है। कपास जैसे पौधों के रेशे वस्त्र बनाने के काम आते हैं। इमारत बनाने में पेड़ों की लकड़ी उपयोग में आती है। इनके अतिरिक्त अनाज, दवाइयाँ, शहद, रबर, रंग-रोगन, गोंद आदि भी वनों से मिलती है। कागज उद्योग तो वनों पर ही केंद्रित है। ईंधन के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली लकड़ी और कोयला भी हमें वनों से ही मिलता है। प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में भी इनका योगदान महत्त्वपूर्ण है। ये वायु में विद्यमान कार्बनडाइ ऑक्साइड को ग्रहण कर प्राणियों के लिए आवश्यक आक्सीजन छोड़ते हैं। वर्षा कराने में भी वनों का योगदान उल्लेखनीय है। ये वन्य प्राणियों को संरक्षण देता है और प्राकृतिक सौंदर्य में वृद्धि करते हैं।

प्रकृति के लिए आवश्यक सभी उपयोगी तत्वों को बनाए रखना प्राकृतिक संतुलन कहलाता है। आजकल स्वार्थवश मनुष्य ने वृक्षों को अधिक मात्रा में काटना शुरू कर दिया है। इससे प्राकृतिक संतुलन नष्ट होताजा रहा है। हम पुराने पेड़-पौधों की रक्षा कर तथा नए पेड़-पौधे लगाकर प्राकृतिक संतुलन को कायम रख सकते हैं।

i) वनों की उत्पत्ति के विषय में लेखक का मानना हैं कि

(क) मनुष्य ने वनों का विकास किया (ख) ऋषि मुनियों ने वनों का विकास किया

(ग) शिकारियों ने वनों का विकास किया (घ) वन ईश्वरीय इच्छा का परिणाम है

ii) वनों से संबंधित कौन-सा कथन असत्य है -

(क) वनों से आवश्यक भोजन प्राप्त होता है (ख) वर्षा कराने में वनों का योगदान है

(ग) ऑक्सीजन विसर्जित करने में वन सहायक नहीं है (घ) कागज उद्योग वनों पर केंद्रित है

iii) प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में कौन-सी बात उपयोगी नहीं है-

(क) नए पेड़-पौधे लगाना (ख) पुराने पौधों को रक्षा

(ग) सभी पौधों का उचित संरक्षण करना (घ) पुराने पौधे काटकर नए वृक्ष लगाना

iv) वृक्षों से हमें नहीं प्राप्त होते -

(क) रासायनिक यौगिक (ख) कपास और दवाइयाँ

(ग) अनाज और दालें (घ) रबर और लकड़ी



A.KUMAR S.T.S 9366288484

v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए -

कथन (A) मनुष्य ने वृक्षों को अधिक मात्रा में काटना शुरु कर दिया है।

कारण (R) प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षों को काटना आवश्यक है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**प्रश्न. 2.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- 1x5=5

मित्र के चुनने में युवक को विवेकशील होना चाहिए। केवल किसी को हँसमुख देखकर या उसकी मीठी बातें सुनकर उसे अपना मित्र नहीं बना लेना चाहिए। मित्रता जीवन की औषध है। एक सच्चा मित्र हमारे उत्तम संकल्पों को दृढ़ करता है। दोषों और त्रुटियों से बचाता है और हमें सत्कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करता है। सच्चा मित्र वैद्य के समान निपुण तथा माता-पिता के समान धैर्यशाली और कोमल होता है।

छात्रावव्था में मित्रता की धुन सवार रहती है। बाल-मैत्री में जो आनंद होता है; मधुरता, अनुराग और विश्वास होते हैं; रूठना और मनाना होता है, वह युवावस्था की मित्रता में नहीं। युवावस्था की मित्रता अधिक दृढ़ शांत और गंभीर होती है। युवावस्था में इस प्रकार के मित्र चाहिए जो जीवन-संग्राम में साथ देने वाले हों। ऐसे मित्र सच्चे पथ-प्रदर्शक होने चाहिए, जिन पर पूरा विश्वास किया जा सके। मित्र भाई के समान होना चाहिए, जिसे हम अपना प्रीतिपात्र बना सकें। मित्रता के लिए यह आवश्यक नहीं कि उनके आचरण, कार्य और रुचि में समानता ही हो। दो भिन्न प्रकृति के मनुष्यों में बराबर मित्रता का निर्वाह देखा गया है। वस्तुतः समाज में विभिन्नता देखकर लोग एक-दूसरे की ओर आकृष्ट होते हैं। जो गुण एक में नहीं है वह यदि दूसरे में है, तो यह मित्रता के लिए शुभ ही कहा जाएगा।

A.KUMAR S.T.S 9366288484

i) मित्र में माता-पिता वाले कौन-से गुण होते हैं?

(क) रूठना और मनाना (ख) उत्तम संकल्पों को दृढ़ता प्रदान करना

(ग) दोषों और त्रुटियों से बचाना (घ) धैर्यवान और कोमल हृदय कला होना

ii) सच्चे मित्र की तुलना लेखक ने वैद्य से इसलिए की है, क्योंकि सच्चा मित्र -

(क) वैद्य को घर बुलाकर ले आता है

(ख) बीमार पड़ने पर वैद्य से दवाई ले आता है

(ग) वैद्य की भाँति हमारे दोषों और त्रुटियों का निदान करता है

(घ) हर प्रकार से हमारा ध्यान रखता हें

iii) विवेकशील व्यक्ति किस प्रकार अच्छे मित्र का चयन करता है?

(क) सुंदर चेहरा देखकर (ख) मीठी-मीठी बातें सुनकर

(ग) हँसमुख चेहरा देखकर (घ) श्रेष्ठ गुण देखकर

iv) युवावस्था में इस प्रकार का मित्र चाहिए जो -

(क) संकट काल में साथ न छोड़े (ख) विवेकशील हो

(ग) सत्यवादी हो (घ) हमेशा हँसने-खेलने में लगाए रखे

v) समाज में किस गुण को देखकर लोग आकृष्ट होते हैं?

(क) हँसमुख और सुंदर चेहरा (ख) रुचियों में समानता

(ग) मित्रता (घ) सामाजिक विभिन्नता

प्रश्न. 3. निर्देशानुसार 'शब्द' और 'पद' पर आधारित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x2=2

i) शब्द है-

(क) भाषा की स्वतंत्र इकाई (ख) भाषा की बद्ध इकाई

(ग) भाषा की स्वतंत्र एवं बद्ध इकाई (घ) भाषा का निरर्थक रूप

ii) अनुज दौड़ रहा है- में अनुज है -

(क) वर्ण (ख) वाक्य (ग) शब्द (घ) पद

प्रश्न. 4. निर्देशानुसार 'अनुस्वार' और 'अनुनासिक' पर आधारित तीन बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x2=2

A.KUMAR S.T.S 9366288484

i) 'चञ्चल' में उचित स्थान पर अनुस्वार लगाकर मानक रूप लिखिए -

(क) चचंल (ख) चंचल (ग) चचलं (घ) इनमें से कोई नहीं।

ii) निम्नलिखित शब्दों में से अनुनासिक के उचित प्रयोग वाले शब्द छाँटकर लिखिए -

(क) आखँ (ख) कुँआ (ग) सापँ (घ) कुआँ

iii) निम्नलिखित शब्दों मे से किस शब्द में 'अनुनासिक' का उचित प्रयोग हुआ है -

(क) पतँग (ख) घंटी (ग) बूँद (घ) बूदँ

प्रश्न. 5. निर्देशानुसार 'उपसर्ग' और 'प्रत्यय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 1x4=4

i) 'अनजान' में उचित उपसर्ग क्या है?

(क) अ (ख) न (ग) अन् (घ) अन

ii) 'अनुकूल' में उचित उपसर्ग क्या है?

(क) अ (ख) नु (ग) अन् (घ) अनु

iii) 'सामाजिक' शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय है -

(क) सामाज + इक (ख) स + माजिक

(ग) सामा + जिक (घ) समाज + इक

iv) 'दयावान' में कौन-सा प्रत्यय है?

(क) न (ख) ना (ग) आन (घ) वान

v) 'भारतीय' में कौन-सा प्रत्यय है?

(क) तीय (ख) इय (ग) य (घ) ईय

प्रश्न. 6. निर्देशानुसार संधि पर आधारित चार बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 1x3=3

i) 'सुरेश' का सही संधि-विच्छेद है-

(क) सुरा + ईश (ख) सुर + ईश (ग) सुर + इश (घ) सुरा + इश

ii) 'वनौषध' का सही संधि-विच्छेद है -

(क) वन + ओषध (ख) वना + औषध (ग) वन + औषध (घ) वना + ओषध

iii) 'नायक' का सही संधि-विच्छेद है -

(क) नै + अक (ख) ना + यक (ग) नाय + क (घ) ने + अक

iv) 'स्वर्गारोहण' का सही संधि-विच्छेद है -

(क) स्वर्गा + रोहण (ख) स्वर्गा + अरोहण (ग) स्वर्ग + आरोहण (घ) स्वर्ग + अरोहण

प्रश्न. 7. निर्देशानुसार विराम चिन्ह पर आधारित चार बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्ही तीन-प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 1x3=3

i) दिए गए विकल्पों मे से कौन-सा योजक चिन्ह हैं?

(क) ( । ) (ख) (;) (ग) (-) (घ) (:)

ii) आप कहाँ रहते हैं-वाक्य में उचित विराम चिन्ह होगा -

(क) पूर्ण विराम (ख) अपूर्ण विराम (ग) अर्द्ध विराम (घ) प्रश्नवाचक

iii) मैं कक्षा नौ में पढ़ती हूँ- वाक्य में उचित विराम चिन्ह होगा -

(क) अल्प विराम (ख) अर्द्ध विराम (ग) पूर्ण विराम (घ) उद्धरण

iv) दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विवरण चिन्ह है-

(क)(-) (ख)(:-) (ग)(:) (घ)(;)

A.KUMAR S.T.S 9366288484

प्रश्न. 8. निर्देशानुसार 'अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद' पर आधारित तीन बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए - 1x2=2

i) अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते है?

(क) दस (ख) आठ (ग) सात (घ) पाँच

ii) 'भगवान तुम्हारी रक्षा करें' - वाक्य में अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद बताइए -

(क) संकेतवाचक (ख) आज्ञावाचक (ग) इच्छावाचक (घ) विधानवाचक

iii) 'यदि परिश्रम करोगे, तो सफलता अवश्य मिलेगी'- वाक्य में अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद बताइए -

(क) संदेहवाचक (ख) आज्ञावाचक (ग) विधानवाचक (घ) संकेतवाचक

प्रश्न. 9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कर लिखिए - 1x5=5

अग्नि पथ! अग्नि पथ! अग्नि पथ!
वृक्ष हों भले खड़े,
हों घने, हों बड़े,
एक पत्र-छाँह भी माँग मत, माँग मत, माँग मत!
अग्नि पथ! अग्नि पथ! अग्नि पथ!
तू न थकेगा कभी!

तू न थमेगा कभी!

तू न मुड़ेगा कभी! - कर शपथ, कर शपथ, कर शपथ!

अग्नि पथ! अग्नि पथ! अग्नि पथ!

i) काव्यांश में कवि ने जीवन को कैसा बताया है?

(क) सहज और सरल (ख) स्वप्न की तरह

(ग) संघर्षमय (घ) वैभवपूर्ण

ii) काव्यांश में 'शपथ' शब्द का क्या अर्थ है?

(क) लथपथ (ख) पत्र (ग) आशीर्वाद (घ) कसम

iii) कवि के अनुसार मनुष्य के जीवन में क्या करने की आवश्यकता है?

(क) आर्थिक लाभ प्राप्त करने की (ख) निरंतर संघर्ष करने की

(ग) दूसरे के कार्यों से प्रेरणा लेने की (घ) निश्चिंत होकर कार्य करने की

iv) कवि के अनुसार, व्यक्ति को अपने जीवन में क्या नहीं करना चाहिए?

(क) थकना नहीं चाहिए (ख) रुकना नहीं चाहिए

(ग) मुड़कर नहीं देखना चाहिए (घ) सभी विकल्प सही हैं

v) प्रस्तुत पंक्तियों के कवि का क्या नाम है?

(क) रहीम (ख) रामधारी सिंह दिनकर

(ग) हरिवंशराय बच्चन (घ) अरुण कमल

A.KUMAR S.T.S 9366288484

**प्रश्न. 10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कर लिखिए- 1x2=2

i) 'मोती' के संदर्भ में पानी का क्या अर्थ है?

(क) जीवन (ख) चमक (ग) सम्मान (घ) प्यास

ii) 'खुशबू रचते हैं हाथ' नामक कविता में कितने तरह के हाथों की चर्चा की गई है?

(क) पाँच (ख) सात (ग) छह (घ) चार

**प्रश्न. 11.** निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प छाँटकर लिखिए - 1x5=5

गांधीजी के लिए वे पुत्र से भी अधिक थे। जब सन् 1917 में वे गांधीजी के पास पहुँचे थे, तभी गांधीजी ने उनको पहचान लिया और उनको अपने उत्तराधिकारी का पद सौंप दिया। सन् 1919 में जलियाँवाला बाग के हत्याकांड के दिनों में पंजाब जाते हुए गांधीजी को पलवल स्टेशन पर गिरफ्तार किया गया था। गांधीजी ने उसी समय महादेव भाई को अपना वारिस कहा था। सन् 1929 में महादेव भाई आसेतुहिमाचल, देश के चारों कोनों में, समूचे देश के दुलारे बन चुके थे।

i) गांधीजी के लिए पुत्र से भी अधिक कौन थे?

(क) कालीनाथ राय (ख) हार्नो मैन (ग) महादेव भाई (घ) उम्मर सोवानी

ii) 'जलियाँवाला बाग' किस राज्य में स्थित है?

(क) हरियाणा (ख) पंजाब (ग) जम्मू और कश्मीर (घ) हिमाचल प्रदेश

iii) गांधीजी को किस स्टेशन पर गिरफ्तार किया गया था?

(क) जलियाँवाला बाग (ख) पलवल (ग) अमृतसर (घ) अंबाला

iv) 'जलियाँवाला बाग' हत्याकांड किस सन् में हुआ था?

(क) 1917 (ख) 1921 (ग) 1929 (घ) 1919

v) इस गद्यांश के लेखक का नाम है -

(क) स्वामी आनंद (ख) बचेंद्री पाल (ग) शरद जोशी (घ) यशपाल

प्रश्न. 12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए उचित विकल्प का चयन करके लिखिए- 1x2=2

i) बिना ऑक्सीजन के एवरेस्ट की दूसरी चढ़ाई चढ़ने में किसने सफलता हासिल की?

(क) प्रेमचंद (ख) सोनम पुलजर (ग) बचेंद्री पाल (घ) अंगदोरजी

ii) खरबुजे बेचने वाली स्त्री के पुत्र का क्या नाम था?

(क) भगवन (ख) भगवान (ग) भगवाना (घ) भागवाना

## खण्ड - 'ब'

प्रश्न. 13. निम्नलिखित प्रश्नों में किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर (50-60) शब्दों में लिखिए- 3x2=6

क) रामन् के प्रारंभिक शोधकार्य को आधुनिक हठयोग क्यों कहा गया है?

ख) कौन-सा आघात अप्रत्याशित था और उसका लेखक पर क्या प्रभाव पड़ा?

ग) उपनेता प्रेमचंद ने किन स्थितियों से अवगत कराया?

A.KUMAR S.T.S 9366288484

प्रश्न. 14. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर (50-60) शब्दों में लिखिए- 3x2=6

क) 'जाकी छोति जगत कउ लागै ता पर तुहीं ढरै' -इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

ख) रहीम ने सागर की अपेक्षा पंक जल को धन्य क्यों कहा है?

ग) 'गीत-अगीत' नामक पाठ के केंद्रीय भाव को लिखिए।

प्रश्न. 15. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर (50-60) शब्दों में लिखिए - 3x2=6

क) 'फल तो किसी दूसरी शक्ति पर निर्भर है'- 'स्मृति' पाठ के आधार पर इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

ख) कल्लू कुम्हार का नाम उनाकोटी से किस प्रकार जुड़ गया?

ग) गिल्लू को मुक्त करने की आवश्यकता क्यों समझी गई और उसके लिए लेखिका ने क्या उपाय किया?

प्रश्न. 16. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - 1x6=6

क) समय ही जीवन है

◦ प्रस्तावना

◦ जीवन की सफलता का आधार समय

◦ समय को खोना जीवन भर हाथ मलना

ख) खेलों का महत्त्व

◦ मानसिक एवं शारीरिक विकास

◦ खेल के प्रति बदलता दृष्टिकोण

◦ खेलों का योगदान

ग) मोबाइल फोन-सुविधा या जी का जंजाल

- विज्ञान की अद्भुत देन
- मोबइल फोन के खतरे
- उचित प्रयोग ही सुविधाजनक

प्रश्न. 17. 'वाद-विवाद' प्रतियोगिता में प्रथम आने पर खुशी प्रकट करते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए। 1x6=6

***अथवा***

कुसंगति के दुष्प्रभाव को बताते हुए अपनी छोटी बहन को एक पत्र लिखिए।

प्रश्न. 18. 'बढ़ते हुए वायु प्रदूषण' विषय पर दो मित्रों / सहेलियों के बीच होने वाले संवाद को लगभग 100 शब्दों में लिखिए। 1x5=5

***अथवा***

विद्यालय देर से पहुँचने पर विद्यार्थी और कक्षाध्यापिका के बीच होने वाले संभावित संवाद को 100 शब्दों में लिखिए।

प्रश्न. 19. नीचे दिए गए चित्र में दिखाई दे रहे दृश्य / घटना का वर्णन लगभग 100 शब्दों में कीजिए। 1x5=5

A.KUMAR S.T.S 9366288484

